Teachingninja.in

Latest Govt Job updates

Private Job updates

Free Mock tests available

Visit - teachingninja.in

# UKPSC
# AE
## Previous Year Paper
### (General Hindi)
### 13 Aug 2023 Shift 1

Teachingninja.in

1. निम्नांकित में से संयुक्त व्यंजन है :
(a) च (b) प (c) ट (d) ज्ञ.

2. निम्नांकित में से किस शब्द का वर्तनी-विश्लेषण गलत है ?
(a) ईर्ष्या – इ + र + ष् + य् + आ
(b) उद्भव – उ + द् + भ् + अ + व् + अ
(c) कृतघ्न – क् + ऋ + त् + अ + घ् + न् + अ
(d) पंकज – प् + अ + ङ् + क् + अ + ज् + अ

3. हिन्दी में स्वर वर्णों की संख्या कितनी है ?
(a) नौ (b) दस (c) ग्यारह. (d) तेरह

4. 'श' वर्ण मुख के उच्चारण-स्थान के अनुसार कहलाता है –
(a) कंठ्य (b) तालव्य (c) दंत्य (d) मूर्द्धा

5. 'पन्त प्रकृति के सुकुमार कवि हैं' – वाक्य में 'पन्त' शब्द किस प्रकार के संज्ञा-भेद का उदाहरण है ?
(a) जातिवाचक संज्ञा
(b) समुदायवाचक संज्ञा
(c) भाववाचक संज्ञा
(d) व्यक्तिवाचक संज्ञा

6. निम्नलिखित में से कौन-सा वर्ण स्वर नहीं है ?
(a) ए (b) उ (c) ञ (d) अ

7. निम्नलिखित में से संयुक्त व्यंजन हैं :
(a) त, थ (b) क्ष, त्र (c) क, ख (d) च, छ

8. 'अब चला जाए' – वाक्य किस वाच्य में है ?
(a) भाववाच्य (b) निर्वाच्य (c) कर्तृवाच्य (d) अनिर्वाच्य

9. 'संस्कृत के वे शब्द जो हिन्दी में ज्यों-के-त्यों प्रयुक्त होते हैं' कहे जाते हैं –
(a) समानार्थी शब्द (b) तद्भव शब्द (c) तत्सम शब्द (d) देशज शब्द

10. इनमें से वर्तनी की दृष्टि से अशुद्ध वर्तनी का शब्द-युग्म है :
(a) आदृत-अहल्या (b) मिष्ठान्न-सम्राट (c) नीरोग-पैतृक (d) बहिरंग-शाप

11. 'कोई', 'कुछ' शब्द सर्वनाम के किस भेद के अन्तर्गत आते हैं ?
(a) प्रश्नवाचक सर्वनाम
(b) निश्चयवाचक सर्वनाम
(c) अनिश्चयवाचक सर्वनाम
(d) सम्बन्धवाचक सर्वनाम


Scanned with CamScanner
Teachingninja.in

12. 'जो प्रशंसा के योग्य हो' – वाक्यांश के लिए सटीक शब्द है :

(a) महान्
(b) श्रेष्ठ
(c) प्रशंसनीय
(d) प्रशंसित

13. 'यायावर' शब्द से तात्पर्य है :

(a) इधर-उधर निरुद्देश्य घूमने वाला ।
(b) एक स्थान पर टिक कर न रहने वाला ।
(c) जिसके जीवन का कोई उद्देश्य न हो ।
(d) किसी भी वस्तु को प्रकट कर देने वाला ।

14. 'निराशा' में कौन-सी संधि है ?

(a) विसर्ग संधि
(b) व्यंजन संधि
(c) यण् संधि
(d) गुण संधि

15. 'व्यर्थ' में कौन-सा समास है ?

(a) तत्पुरुष समास
(b) अव्ययीभाव समास
(c) द्वन्द्व समास
(d) बहुव्रीहि समास

16. 'स्वागत' शब्द में कौन-सी संधि है ?

(a) यण् संधि
(b) दीर्घ संधि
(c) वृद्धि संधि
(d) गुण संधि

17. 'शूलपाणि' में कौन-सा समास है ?

(a) अव्ययीभाव
(b) कर्म तत्पुरुष
(c) द्वन्द्व
(d) बहुव्रीहि

18. 'गायक' में कौन-सी संधि है ?

(a) यण् संधि
(b) अयादि संधि
(c) वृद्धि संधि
(d) गुण संधि

19. निम्नांकित में से किस शब्द में 'अ' उपसर्ग नहीं है ?

(a) अचल
(b) अकथनीय
(c) अनृत
(d) अनैतिक

20. वे लघुतम शब्दांश जो शब्द के प्रारंभ में लगकर नए शब्दों का निर्माण करते हैं, क्या कहलाते हैं ?

(a) विलोम शब्द
(b) उपसर्ग
(c) सर्वनाम
(d) कारक

21. 'सफेदा' में प्रत्यय है :

(a) आ
(b) दा
(c) फेदा
(d) एदा

22. 'पीपर पात सरिस मन डोला' में कौन-सा अलंकार है ?

(a) श्लेष
(b) यमक
(c) वक्रोक्ति
(d) उपमा

Scanned with CamScanner

Teachingninja.in

23. 'टेलीविजन' इनमें से किस विदेशी भाषा का शब्द है ?

(a) पुर्तगाली (b) अंग्रेजी (c) फ्रांसीसी (d) लैटिन

24. 'लरिकाई' का अर्थ है :

(a) लड़ना (b) लार टपकना (c) बचपन (d) लड़का

25. 'रिक्शा' किस भाषा का शब्द है ?

(a) फ्रेंच (b) तुर्की (c) फ़ारसी (d) जापानी

26. 'मुख्य गायक के साथ वाद्य बजाने वाला' इस वाक्यांश के लिए एक शब्द है :

(a) संगीतकार (b) संगतकार (c) कलाकार (d) वाद्यकार

27. 'कृदंत' शब्द में कौन-सी संधि है ?

(a) व्यंजन संधि (b) विसर्ग संधि (c) यण् संधि (d) अयादि संधि

28. जिन शब्दों से न्यूनता, लघुता, हीनता या तुच्छता का बोध होता है, उन्हें क्या कहते हैं ?

(a) समानार्थक शब्द (b) एकार्थक शब्द
(c) ऊनार्थक शब्द (d) अनेकार्थक शब्द

29. जो शब्द दो भाषाओं के शब्दों के मिश्रण से निर्मित होते हैं, उन्हें क्या कहते हैं ?

(a) देशज शब्द (b) विदेशज शब्द
(c) अनुकरणमूलक शब्द (d) संकर शब्द

30. 'काम कुसुम धनु सायक लीन्हे ।
सकल भुवन अपने बस कीन्हे ।।'

इसमें अलंकार है –

(a) विभावना (b) वक्रोक्ति (c) उपमा (d) व्यतिरेक

31. दोहा और रोला छन्दों को मिलाने से बनने वाला छन्द है :

(a) घनाक्षरी (b) छप्पय (c) मनहर कवित्त (d) कुंडलिया

32. इनमें से बेमेल शब्द है :

(a) राजधर्म (b) प्रजाधर्म (c) सेवाधर्म (d) अधर्म



Scanned with CamScanner
Teachingninja.in

33. हिन्दी के वर्ण लिखे जाते हैं :

(a) ब्राह्मी लिपि में
(b) खरोष्ठी लिपि में
(c) देवनागरी लिपि में
(d) चित्र लिपि में

34. इनमें से शुद्ध वर्तनी का शब्द है :

(a) अक्षोहिणी (b) सहस्र (c) त्यौहार (d) रूपया

35. 'खुरपी से घास छील दो' – इस वाक्य में किस कारक का विभक्ति–चिह्न लगा हुआ है ?

(a) संप्रदान कारक (b) कर्म कारक (c) कर्ता कारक (d) करण कारक

36. निम्नांकित शब्दों में से कौन–सा शब्द गुणवाचक विशेषण नहीं है ?

(a) प्राचीन (b) अनेक (c) अच्छा (d) सुगंधित

37. 'किसी ने कहा' – वाक्य में प्रयुक्त सर्वनाम शब्द 'किसी' है :

(a) प्रश्नवाचक सर्वनाम
(b) सम्बन्धवाचक सर्वनाम
(c) अनिश्चयवाचक सर्वनाम
(d) संकेतवाचक सर्वनाम

38. निम्नलिखित में से कौन–सा एक शब्द कालवाचक क्रिया–विशेषण है ?

(a) धीरे–धीरे (b) बारी–बारी से (c) उधर जाओ (d) कभी–कभी

39. 'वह जटा से साधु लगता है' – वाक्य में 'से' परसर्ग का प्रयोग किस अर्थ में हुआ है ?

(a) पार्थक्य (b) पहचान (c) प्रेरणा (d) तुलना

40. निम्नलिखित में से 'तत्सम' शब्द नहीं है :

(a) तलवार (b) वानर (c) सर्ग (d) उपाध्याय

41. निम्नलिखित विकल्पों में से तद्भव शब्द है :

(a) फुल्ल (b) पिप्पल (c) सितार (d) परिश्रम

42. 'वह विद्यार्थी जो गुरु के पास निवास करता हो' – इस वाक्यांश के लिए एक शब्द है –

(a) अन्तेवासी (b) गुरुभक्त (c) सन्निधिवासी (d) पाठक

43. निम्नलिखित में से 'अनुस्वार' का चिह्न है :

(a) ( ―̇ ) (b) ( ―̐ ) (c) ( : ) (d) ( ; )



Scanned with CamScanner

Teachingninja.in

44. 'सरस्वती' पत्रिका के इनमें से दूसरे संपादक कौन थे ?

(a) पं. महावीर प्रसाद द्विवेदी
(b) पं. हजारी प्रसाद द्विवेदी
(c) आचार्य नन्द दुलारे वाजपेई
(d) डॉ. नगेन्द्र

45. इनमें से 'आवृत्तिवाचक विशेषण' है –

(a) चौगुना (b) चौथा (c) चारों (d) प्रत्येक

46. 'अवधी' हिंदी के किस उपभाषा वर्ग के अन्तर्गत आती है ?

(a) पश्चिमी हिंदी (b) पूर्वी हिंदी (c) राजस्थानी (d) पहाड़ी हिंदी

47. विपरीतार्थी पुनरुक्ति वाले निम्नलिखित शब्दों में अव्यय शब्द हैं –

(a) हानि–लाभ (b) नया–पुराना (c) इधर–उधर (d) जागना–सोना

48. 'वह बहुत अधिक खाता है' – इस वाक्य में 'प्रविशेषण' है –

(a) बहुत (b) अधिक (c) वह (d) खाता

49. वीर रस के कवि हैं –

(a) 'भूषण' (b) 'देव' (c) 'घनानन्द' (d) 'बिहारी'

50. 'बुंदेले हरबोलों के मुँह हमने सुनी कहानी थी।
खूब लड़ी मरदानी वह तो झाँसी वाली रानी थी ।।'
वीर रस की इस कविता का सम्बन्ध इनमें से किससे है ?

(a) रामधारी सिंह 'दिनकर'
(b) रामनरेश त्रिपाठी
(c) सोहनलाल द्विवेदी
(d) सुभद्राकुमारी चौहान

51. अनेकार्थी शब्द 'अक्षर' का इनमें से एक अर्थ नहीं है :

(a) वर्ण (b) किला (c) धर्म (d) मोक्ष

52. इनमें से 'उर्दू' उपसर्ग है –

(a) अभि (b) परि (c) अन् (d) गैर

53. 'जिस विकारी शब्द से संज्ञा की व्याप्ति मर्यादित होती है, उसे ________ कहते हैं'।

(a) सर्वनाम (b) विशेषण (c) अव्यय (d) क्रिया–विशेषण



Scanned with CamScanner
Teachingninja.in

54. 'मेहतरानी' में प्रत्यय है :

(a) रानी (b) आनी (c) नी (d) अनि

55. इनमें से कौन-सा शब्द 'शिव' का पर्यायवाची नहीं है ?

(a) भव (b) चंद्रशेखर (c) त्रिलोचन (d) अंशुमाली

56. 'अनुपम' का अर्थ है :

(a) जो देखने में सुन्दर लगे (b) जिसके पूर्व कोई न हो

(c) जिसकी उपमा न की जा सके (d) जिसका अनुसरण न किया जा सके

57. इनमें से 'पक्षी' का पर्यायवाची शब्द नहीं है :

(a) द्विज (b) शकुनि (c) कलत्र (d) शकुन्त

58. 'छिछला' का विलोम शब्द है :

(a) उथला (b) गहरा (c) निर्जल (d) समतल

59. 'उदयाचल' शब्द का विलोम शब्द है :

(a) विन्ध्याचल (b) अस्ताचल (c) हिमाचल (d) मलयाचल

60. 'कृष्ण गीतावली' किस कवि की रचना है ?

(a) तुलसीदास (b) सूरदास (c) मीरा (d) जयशंकर प्रसाद

61. 'जब मैं छोटा लड़का था तब साइकिल खूब चलाता था' – यह किस प्रकार का वाक्य है ?

(a) सरल वाक्य (b) संयुक्त वाक्य

(c) विस्मयबोधक वाक्य (d) मिश्र वाक्य

62. 'सूक्ष्म' का विलोम शब्द है :

(a) तीक्ष्ण (b) बड़ा (c) स्थूल (d) मोटा

63. 'तुम यहाँ से जाओ' – अर्थ की दृष्टि से किस प्रकार का वाक्य है ?

(a) इच्छावाचक (b) आज्ञावाचक

(c) संकेतवाचक (d) निषेधवाचक

64. 'वासुदेव' शब्द में प्रयुक्त प्रत्यय है :

(a) एव (b) अव (c) अ (d) व



Scanned with CamScanner
Teachingninja.in

65. निम्नांकित वाक्यों में शुद्ध वाक्य है :

(a) मैं सायंकाल घूमने जाता हूँ ।

(b) मैं सायंकाल के समय घूमने जाता हूँ ।

(c) मैं सायंकाल की अवधि में घूमने जाता हूँ ।

(d) मैं सायंकाल के कालखण्ड में घूमने जाता हूँ ।

66. निम्नांकित में शुद्ध वर्तनी का शब्द है :

(a) अतिथी (b) अतीथी (c) अतिथि (d) अतीथि

67. निम्नांकित में से शुद्ध वर्तनी का शब्द है :

(a) कुमुदनी (b) संसोधन (c) नवम् (d) परिषद्

68. निम्नांकित में से कौन–सा वाक्य शुद्ध है ?

(a) सारे देशभर में स्वतंत्रता दिवस मनाया गया ।

(b) देशभर में स्वतंत्रता दिवस मनाया गया ।

(c) पूरे देशभर में स्वतंत्रता दिवस मनाया गया ।

(d) समस्त देशभर में स्वतंत्रता दिवस मनाया गया ।

69. निम्नलिखित में से एक शुद्ध वाक्य है :

(a) मैंने कह दिया कि हम आज खाना नहीं खायेंगे ।

(b) नौकर आटा पिसवाने गया है ।

(c) अंतिम निष्कर्ष क्या है ?

(d) अनेक का मत है कि पाप का फल यहाँ ही मिल जाता है ।

70. निम्नलिखित में से एक शुद्ध वाक्य है :

(a) सीता हँसती–हँसती रो पड़ी । (b) रावण अत्यन्त ही दुष्ट था ।

(c) तुम सबसे सुन्दरतम हो । (d) वे परस्पर बातें करते जा रहे थे ।

71. निम्नलिखित में से शुद्ध वर्तनी वाला शब्द है :

(a) महूरत (b) मुहुर्त (c) मुहूरत (d) मुहूर्त



Scanned with CamScanner

Teachingninja.in

72. 'गूलर का फूल होना' मुहावरे का इनमें से अर्थ है :
(a) दुर्लभ होना
(b) लाल-पीला होना
(c) बहुत सुंदर होना
(d) इनमें से कोई नहीं

73. 'घी के दीये जलाना' – का सही अर्थ है :
(a) पराजित करना
(b) प्रसन्न होना
(c) थोड़े में बहुत करके दिखाना
(d) बहुत प्रकार के अनुभव होना

74. निम्नांकित लोकोक्ति में रिक्त स्थान की पूर्ति करने वाला विकल्प है :
'न नौ मन तेल होगा ........।'
(a) न सीमा नाचेगी
(b) न राधा नाचेगी
(c) न सीता नाचेगी
(d) न नोरा नाचेगी

75. नीचे दी गई लोकोक्ति में रिक्त स्थान की पूर्ति करने वाले सही विकल्प का चयन कीजिए :
'बन्दर क्या जाने ........ '
(a) मुरब्बे और अचार
(b) गुड़ की मिठास
(c) आँगन टेढ़ा
(d) अदरक का स्वाद

76. निम्नलिखित में से देशज शब्द है :
(a) पगड़ी (b) पुत्र (c) ज्येष्ठ (d) सोना

77. निम्नलिखित में से एक बेमेल शब्द है, वह है –
(a) आत्मश्लाघा (b) आत्मप्रशंसा (c) आत्मघात (d) आत्ममुग्धता

78. 'अकूत' का तात्पर्य है :
(a) अक्रियाशील (b) अनन्य (c) अमोघ (d) अपरिमित

79. 'मध्य रात्रि का समय' वाक्यांश के लिए उपयुक्त शब्द है –
(a) निशा (b) विभावरी (c) निशीथ (d) अमानिशा

80. 'गधा खेत खाए और जुलाहा पीटा जाए' का सटीक अर्थ है –
(a) गलती करना।
(b) किसी का इल्जाम अपने सिर लेना।
(c) किसी के अपराध का दण्ड किसी अन्य को मिलना।
(d) गलतफहमी होना।


Scanned with CamScanner
Teachingninja.in

81. इनमें से 'घोटक' का पर्यायवाची शब्द है :

(a) अश्व (b) प्रपंच (c) धन (d) हुताशन

82. निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द 'सूर्य' का पर्यायवाची नहीं है ?

(a) द्विजराज (b) पतंग (c) हंस (d) मित्र

83. निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द 'फूल' का पर्यायवाची नहीं है ?

(a) सुमन (b) कुसुम (c) प्रसून (d) विटप

84. निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द 'अग्नि' का पर्यायवाची नहीं है ?

(a) धूमकेतु (b) जातवेद (c) तामरस (d) वैश्वानर

85. 'आसक्त' का विलोम शब्द है :

(a) विभक्त (b) संसक्ति (c) विरक्त (d) अनुरक्त

86. 'अर्वाचीन' का विलोम शब्द है :

(a) नूतन (b) प्राचीन (c) नया (d) नवीन

87. 'वह नायिका जिसका पति परदेश गया हो' – इस वाक्यांश के लिए इनमें से एक शब्द है :

(a) अभिसारिका (b) अध्यूढ़ा (c) प्रव्रत्स्यतपतिका (d) प्रोषितपतिका

88. 'काली घटा का घमंड घटा' – पंक्ति में कौन-सा अलंकार है ?

(a) यमक (b) अनुप्रास (c) उपमा (d) श्लेष

89. 'हिन्दी दिवस' कब मनाया जाता है ?

(a) 10 सितम्बर को (b) 14 सितम्बर को (c) 21 सितम्बर को (d) 30 सितम्बर को

90. 'पृथ्वीराज रासो' किसकी रचना है ?

(a) जगनिक (b) नरपति नाल्ह (c) चन्दबरदायी (d) अमीर खुसरो

91. निम्नलिखित में से 'कमल' का पर्यायवाची शब्द नहीं है :

(a) राजीव (b) सरसिज (c) राजराज (d) अरविंद



Scanned with CamScanner

Teachingninja.in

92. 'गोबर-गणेश होना' मुहावरे का अर्थ है :

(a) गोबर से गणेश बनाना
(b) श्रीगणेश करना
(c) मूर्ख होना
(d) किसी काम का न होना

93. 'तिल का ताड़ बनाना' मुहावरे का अर्थ है :

(a) किसी बात को बढ़ा-चढ़ा कर कहना ।
(b) कठिन कार्य करना ।
(c) व्यर्थ का वार्तालाप करना ।
(d) असंतोषपूर्ण व्यवहार करना ।

94. 'जल्दी चलिए अन्यथा बहुत देर हो जाएगी' – रचना के आधार पर यह किस प्रकार का वाक्य होगा ?

(a) मिश्र वाक्य (b) संयुक्त वाक्य (c) सरल वाक्य (d) निषेधात्मक वाक्य

95. निम्नांकित में से शुद्ध वर्तनी का शब्द है :

(a) अभावता (b) लावण्यता (c) आरोग्यता (d) अलसता

96. निम्नांकित वाक्यों में से शुद्ध वाक्य है :

(a) इस बात का स्पष्टीकरण आवश्यक है ।
(b) इस बात का स्पष्टीकरण करना आवश्यक है ।
(c) इस बात की स्पष्टीकरण देना आवश्यक है ।
(d) इस बात का स्पष्टीकरण वर्णन करना आवश्यक है ।

97. इनमें से शुद्ध वर्तनी का शब्द है :

(a) उज्वल (b) उज्जल (c) उज्ज्वल (d) उज्जवल

98. निम्नांकित में से 'राष्ट्र' का शुद्ध वर्तनी–विश्लेषण है :

(a) र् + आ + ष् + ट् + र् + अ ।
(b) र + आ + ष + ट + र + अ ।
(c) र् + आ + ष् + ट + र + अ ।
(d) र + आ + ष + ट् + र + अ ।

99. 'घबराहट' संज्ञा इनमें से किससे बनी है ?

(a) विशेषण से (b) क्रिया से (c) सर्वनाम से (d) अव्यय से

100. 'हवा से बातें करना' मुहावरे का सटीक अर्थ है :

(a) घमण्डी होना ।
(b) आत्मविश्वास होना ।
(c) हवाई कल्पना करना ।
(d) बहुत तेज दौड़ना ।



Scanned with CamScanner
Teachingninja.in